# प्रदेश में पिछले 5 साल में लोगों ने जमकर खरीदी प्रोपर्टी

## स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन फीस से 10,532 करोड़ रुपए का रेवेन्यू मिला

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

राजस्थान में कोविड के बाद से प्रोपर्टी में लोगों का रुझान फिर से बढ़ गया है। यही कारण है कि बीते 5 सालों में राज्य सरकार को प्रोपर्टी की रजिस्ट्री करवाने पर लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन शुल्क से होने वाली आय दोगुना हो गई। साल 2024-25 में राज्य सरकार को स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन के पेटे 10 हजार 532 करोड़ रुपए से ज्यादा का रेवेन्यू मिला है, जो निर्धारित लक्ष्य का 88.51 फीसदी है। पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग से जारी एक रिपोर्ट देखे तो राज्य सरकार ने साल 2024-25 में कुल 11 हजार 900 करोड़ रुपए के रेवेन्यू का लक्ष्य



निर्धारित किया था, लेकिन विभाग इस लक्ष्य की तुलना में 10 हजार 532.75 करोड़ रुपए का ही रेवेन्यू जुटा सका।

**पांच साल में दोगुना हुआ रेवेन्यू :** राज्य सरकार को भले ही इस साल टारगेट के मुकाबले 88.51 फीसदी ही रेवेन्यू मिला हो, लेकिन ये अब तक का सबसे ज्यादा रेवेन्यू है। पिछले 5 साल में इस रजिस्ट्रेशन और स्टाम्प ड्यूटी से मिलने वाला रेवेन्यू भी दोगुना हो गया है। कोविड काल में साल 2020-21 में रजिस्ट्रेशन और स्टाम्प ड्यूटी से सरकार को 5297.27 करोड़ का रेवेन्यू मिला था, लेकिन ये अब बढ़कर 10 हजार 500 करोड़ के पार हो गया।

**डीएलसी दरों में बढ़ोतरी का प्रभाव :** सत्ता में आने के बाद राज्य की भजनलाल सरकार ने बीते वित्तवर्ष में दो बार डीएलसी की दरों में इजाफा किया। एक्सपट्‌र्स मुताबिक सबसे ज्यादा इजाफा जयपुर जिले में हुआ। 1 अप्रैल 2024 से दिसंबर 2024 तक जयपुर में 25 फीसदी तक डीएलसी की दरों में इजाफा हुआ है। पिछले साल अप्रैल में सरकार ने 10 फीसदी और उसके बाद दिसंबर में 5 से लेकर 15 फीसदी तक दरों में इजाफा किया था। सूत्रों के मुताबिक पूरे राजस्थान में जितनी आय मुद्रांक पंजीयन विभाग को होती है, उसमें 35 से 40 फीसदी आय केवल जयपुर जिले से होती है।



## ऊर्जा राज्यमंत्री नागर ने खाटूश्यामजी में किए बाबा श्याम के दर्शन

***मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।*** *ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने गुरूवार को सीकर जिले के खाटूश्यामजी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। श्री श्याम मंदिर कमेटी अध्यक्ष शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें पूजा-अर्चना करवाई तथा श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। ऊर्जा राज्यमंत्री ने श्याम मंदिर में दर्शन के बाद जिले के अधिकारियों से चर्चा कर खाटूश्यामजी में विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए निर्देश दिए। नागर ने बताया कि गुरुवार से यहां अण्डर ग्राउण्ड लाईन के काम का शुभारंभ किया जा रहा है। क्षेत्र में नया जीएसएस बनाया है, जिससे यहां का विद्युत आपूर्ति तंत्र सुदृढ़ होगा।*

*उन्होंने बताया कि यहां आने वाले खाटू भक्तों को कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए ऊर्जा विभाग लगातार प्रयासरत है तथा प्राप्त सुझावों पर विचार कर किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा।*

# भीलवाड़ा में पुलिस पर हमला, गाड़ियां तोड़ीं

### कपड़ा फैक्ट्री के मजदूर बोनस मांग रहे थे, बात नहीं बनी तो उग्र हुए, लाठीचार्ज कर खदेड़ा

**मॉर्निंग न्यूज @ भीलवाड़ा**

बोनस की मांग करते हुए भीलवाड़ा की कपड़ा फैक्ट्री के मजदूर उग्र हो गए। उन्होंने फैक्ट्री में जमकर तोड़फोड़ की। पुलिस पहुंची तो उनका गुस्सा और बढ़ गया। पुलिस पर भी हमला बोल दिया। मजदूरों ने पुलिस की गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। मामला हमीरगढ़ (भीलवाड़ा) के चित्तौड़ रोड स्थित संगम इंडिया लिमिटेड का है। उधर, भारतीय मजदूर संघ जिला सह मंत्री देवेंद्र वैष्णव ने कहा कि फैक्ट्री में मजदूर और मैनेजमेंट के बीच बातचीत चल रही है।

**पुलिस ने 7 को हिरासत में लिया :** हमीरगढ़ थाना प्रभारी संजय गुर्जर ने बताया- संगम इंडिया लिमिटेड में तोड़फोड़ की सूचना मिली थी। हम वहां



पहुंचे तो हमारी गाड़ी पर भी पत्थर फेंके और तोड़फोड़ की। राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज कर 7 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

**मांगों पर सहमति नहीं बनी तो धरने पर बैठे :** संगम इंडिया लिमिटेड में कपड़ा बनता है। यहां 150 से 200 मजदूर काम करते हैं। बताया जा रहा है कि यहां के कर्मचारी दीपावली से बोनस की मांग कर रहे हैं। आरोप है कि इनकी मांगों पर फैक्ट्री प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है। इसी को लेकर कर्मचारी सुबह करीब 10 बजे धरने पर बैठ गए।

## दो पुलिस कांस्टेबल रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** एसीबी की कोटा टीम ने कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना दादाबाड़ी जिला कोटा शहर के दो पुलिस कांस्टेबल बनवीर आचार्य एवं मनीष कुमार जांगिड़ को दस हजार



रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी टीम कोटा को पीड़िता ने शिकायत दी कि पुलिस थाना दादाबाडी में दर्ज प्रकरण में उसके पुत्रों को बचाने की एवज में पुलिस कांस्टेबल बनवीर आचार्य एवं मनीष कुमार जांगिड़ उससे तीस हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी कोटा के नेतृत्व में रिश्वत मांग का सत्यापन होने के पश्चात पुलिस कांस्टेबल बनवीर आचार्य एवं मनीष कुमार जांगिड़ को 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा।

## पुलिस हेड कांस्टेबल 4 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की धौलपुर टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना सैपऊ जिला धौलपुर के पुलिस हेड कांस्टेबल कृष्ण मुरारी चार हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी टीम धौलपुर को पीड़ित ने शिकायत दी उसकी और उसके पिताजी सहित बडे भाई के खिलाफ पुलिस थाना सैपऊ में दर्ज मुकदमे में मदद करने एवं भविष्य में परेशान नहीं करने की एवज में पांच हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही है। जिस पर पीड़ित के निवेदन करने पर चार हजार रुपये की रिश्वत लेने पर सहमत होने पर एसीबी चौकी धौलपुर के पुलिस उप अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में ट्रैप की कार्रवाई करते हुए पुलिस हैड कांस्टेबल कृष्ण मुरारी को चार हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है।

### वन रक्षक भर्ती पेपर लीक मामला

## फरार आरोपी पर 50 हजार रुपए इनाम की घोषणा

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** एसओजी की ओर से वन रक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में वांछित फरार बदमाश पर 50 हजार रुपए इनाम की घोषणा की गई है। आरोपित बाड़मेर में कार्यरत आरोपी ग्रेड थर्ड टीचर वन रक्षक भर्ती मामले में फरार चल रहा है। एसओजी की ओर से वांछित को पकड़ने के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। एडीजी (एसओजी व एटीएस) वीके सिंह ने बताया कि वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 के पेपर लीक मामले में साल-2024 में बांसवाड़ा के राजतलाब थाने में मामला दर्ज हुआ था। वन रक्षक भर्ती मामले की जांच में जबराराम जाट निवासी कालवा पचपदरा बालोतरा भी आरोपी होना पाया गया। वह बाड़मेर के गुढामलानी के रामजी का गोल कस्बा में ग्रेड थर्ड टीचर है। जांच में सामने आने पर एसओजी ने आरोपी टीचर जबराराम की तलाश की।

## कुएं में डूबे 8 लोग, 6 की मौत

**खंडवा (एजेंसी)।** खंडवा में 8 लोग एक कुएं में डूब गए। इनमें से 6 के शव निकाल लिए गए हैं। मौके पर पुलिस, प्रशासन और एसडीईआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है। इससे पहले गांव के लोगों ने भी अपने स्तर पर बचाव कार्य शुरू किया। घटना गुरुवार शाम को जिले के छैगांवमाखन क्षेत्र के कोंडावत गांव की है। बताया जा रहा है कि गणगौर विसर्जन के लिए कुएं की सफाई करने ये लोग नीचे उतरे थे। कुएं में



बड़ी मात्रा में गाद जमी हुई है, इसी गाद के नीचे सभी के दबे होने की आशंका है। मौके पर दो एंबुलेंस भी पहुंची हैं। बताया जा रहा है कि दोपहर के वक्त कुछ लोग कुएं में उतरे थे, जो शाम तक बाहर नहीं निकले। कौन लोग कुएं में उतरे थे, उनकी पहचान नहीं हो पाई है। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ ही एसडीईआरएफ का 15 सदस्यीय दल भी मौके पर पहुंच गया है। एक दल रस्सी और जाली लेकर कुएं में उतरा है। फिलहाल डूबने वालों की सर्चिंग की जा रही है।

**बिजनेस**

# आईजीजेएस जयपुर में 28 देशों के अंतरराष्ट्रीय खरीदारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

बदलते वैश्विक व्यापार परिदृश्य के बीच, रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद ने गुरुवार को इंटरनेशनल जेम एंड ज्वैलरी शो जयपुर 2025 का उद्घाटन किया, जो भारत के रत्न और आभूषण उद्योग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय निर्यात पर 27 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया गया है।

जीजेईपीसी द्वारा आयोजित आईजीजेएस जयपुर का यह चौथा संस्करण 3 से 5 अप्रैल 2025 तक नोवोटेल, जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर,




जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। सिक्योर इस आयोजन का लॉजिस्टिक्स पार्टनर है। यह शो व्यापारिक साझेदारियों को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजारों में भारत की उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए एक प्रमुख बी2बी प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है।

इस भव्य आयोजन का उद्घाटन कई सम्मानित हस्तियों द्वारा किया गया, जिनमें सेवानिवृत्त मेजर जनरल अनुज माथुर, शिल्पी आर. पुरोहित, संयुक्त आयुक्त, जिला उद्योग केंद्र, राजस्थान सरकार, उद्घाटनगौरव जोशी, संयुक्त निदेशक एवं प्रमुख, एमएसएमई - विकास संस्थान, भारत सरकार, जयपुर, उद्घाटनशौनक पारिख, उपाध्यक्ष, जीजेईपीसी, उद्घाटन योगेंद्र गर्ग, क्षेत्रीय अध्यक्ष (राजस्थान), जीजेईपीसी, उद्घाटन डी.पी. खंडेलवाल, संयोजक, कलर्ड जेम स्टोन, पैनल, जीजेईपीसी, उद्घाटनकृष्ण बिहारी गोयल, संयोजक, चांदी पैनल, जीजेईपीसी, उद्घाटनअरविंद गुप्ता, संयोजक, एसईजेड पैनल, जीजेईपीसी, और उद्घाटनसिद्धार्थ एच, सीओओ, जीजेईपीसी शामिल थे। शो के बारे में बोलते हुए जीजेईपीसी के उपाध्यक्ष शौनक पारिख ने कहा, आईजीजेएस जयपुर 2025 भागीदारियों को मजबूत करने और वैश्विक संपर्कों के विस्तार के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है।

## अमेजन के डील्स और रिवॉर्ड्स के साथ प्लान करें समर वेकेशन

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** गर्मियां आ गई हैं, यह आपके सपनों की छुट्टियों को प्लान करने का सही समय है। चाहे आपको समुद्र किनारे बीच पर जाना हो, पहाड़ों में सुकून चाहिए या किसी शहर में रोमांचक सफर करना हो, अमेजन पे आपकी यात्रा को आसान, किफायती और फायदेमंद बनाता है। 7 अप्रैल से, आप अमेजन पे के जरिये फ्लाइट्स, होटलों और मूवी टिकट्स की बुकिंग पर बड़ी बचत कर सकते हैं। इतना ही कई खास ऑफर्स के साथ अमेजन पे आपके समर प्लानिंग को और भी आसान बनाएगा। आप यात्रा कर रहे हों या बेहतर जगह ठहरने की योजना बना रहे हो, या समर सीजन की खरीदारी कर रहे हों, अमेजन पे आपको कम खर्च में ज्यादा आनंद लेने में मदद करेगा। तो, अपना सामान पैक करें, सनस्क्रीन लें, और अमेजन पे के साथ अपनी पसंदीदा समर डेस्टिनेशन को एक्सप्लोर करने के लिए तैयार हो जाएं।

## एसीएमई सोलर होल्डिंग्स ने 2,491 करोड़ की दीर्घकालिक रिफाइनेंसिंग सुविधा प्राप्त की

### राज्य भागीदारों के रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स के लिए ऋण लागत कम करने हेतु

**गुरुग्राम (एजेंसी)**

भारत की प्रमुख रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी और एसीएमई ग्रुप के प्रमुख व्यवसाय, एसीएमई सोलर होल्डिंग्स को आंध्र प्रदेश, राजस्थान और पंजाब में संचालित अपने 490 मेगावाट के रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स के लिए 2,491 करोड़ रुपए की दीर्घकालिक रिफाइनेंसिंग सुविधा मिली है। कंपनी को यह सुविधा 18-20 साल की अवधि के लिए मिली है, जिसका उद्देश्य पुराने ऋण को चुकाना और वित्तीय लागत को कम करना है।

यह रिफाइनेंसिंग (पुनर्वित्त पोषण) एसबीआई और आरईसी से 8.8 प्रतिशत की कम औसत ब्याज दर पर हासिल की गई है। इससे न सिर्फ कंपनी की क्रेडिट प्रोफाइल मजबूत हुई है, बल्कि को-ऑब्लिगर स्ट्रक्चर के तहत आंध्र प्रदेश और पंजाब की इकाइयों को बेहतर क्रेडिट रेटिंग भी मिली है। यह एसीएमई ग्रुप के क्रेडिट अपग्रेड और सभी चालू प्रोजेक्ट्स के लिए कुल ब्याज लागत घटाने के लक्ष्य के अनुरूप है।

आंध्र प्रदेश (160 मेगावाट) और पंजाब (30 मेगावाट) के प्रोजेक्ट्स का परिचालन रिकॉर्ड करीब 9 साल का है, जबकि राजस्थान (300 मेगावाट) का प्रोजेक्ट लगभग 3 साल से संचालित हो रहा है। एसीएमई सोलर होल्डिंग्स के मुख्य वित्तीय अधिकारी, पुरुषोत्तम केजरीवाल ने कहा, रिफाइनेंसिंग पहल हमारी पूंजी संरचना को अधिक कुशल बनाने और ऋण की लागत को लगातार कम करने की रणनीति के अनुरूप है। वित्तीय अनुशासन और स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता से प्रोजेक्ट्स की क्रेडिट रेटिंग बेहतर हुई है।

**स्पोर्ट्स**

# 16वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस से भिड़ेंगे लखनऊ सुपर जायंट्स

### मेजबान टीम को मिलेगी उनके स्पिनरों के मुफीद पिच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 के 16वें मुकाबले में शुक्रवार को मुंबई इंडियंस का सामना मेजबान लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से लखनऊ के इकाना स्टेडियम में होगा, जिसे आप जियो हॉटस्टार नेटवर्क और स्टार स्पोर्ट्स पर देख सकते हैं। इसके अलावा आप इसके गेंद-दर-गेंद कॉमेंट्री को क्रिकइंफो पर भी फॉलो कर सकते हैं। एलएसजी और एमआई दोनों टीमों को तीन मैचों में एक जीत और दो हार मिली है और दोनों टीमें जीत के साथ अंक तालिका




के ऊपरी हिस्से में वापसी करना चाहेगी। एमआई टीम के सभी खिलाड़ी फिट हैं, लेकिन देखना होगा कि लखनऊ की पिच पर वे किस तरह के गेंदबाजी क्रम के साथ जाएंगे। रोहित शर्मा का फॉर्म उनके लिए चिंता का विषय है, लेकिन ऐसा बहुत मुश्किल है कि एमआई के बल्लेबाजी क्रम में कोई बदलाव होगा।

एलएसजी के लिए उनके तेज गेंदबाज आकाश दीप की कैंप में वापसी हुई है, लेकिन वह पूरी तरह से मैच फिट हैं या नहीं, यह देखने वाली बात होगी। वहीं मयंक यादव ने अभी भी कैंप को ज्वाइन नहीं किया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच के बाद एलएसजी के मेंटॉर जहीर खान ने इकाना की पिच की आलोचना की थी और कहा था कि उन्हें घरेलू मैदान पर भी मुफीद पिचें नहीं मिल रही हैं। वे रवि बिश्नोई, दिग्वेश राठी और एम सिद्धार्थ के अपने स्पिन तिकडी पर बहुत निर्भर हैं और इसलिए चाहेंगे कि काली मिट्टी की पिच पर ये मैच हो।

## हरियाणा के कबड्डी प्लेयर को 22 लाख मिले

### ऑक्शन से पहले ही कॉन्ट्रैक्ट साइन किया, दीपक हुड्डा को ट्रेंड करने वाले कोच ने निखारा

**झज्जर (एजेंसी)।** हरियाणा में झज्जर के रहने वाले कबड्डी प्लेयर पुनीत कादियान को बंगाल की टीम ने 22 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा है। वह प्रो-कबड्डी लीग में बंगाल वॉरियर्स की टीम से रेडर के तौर पर खेलेंगे। उनका कॉन्ट्रैक्ट 2 साल का होगा।

पुनीत के कोच वही हैं, जिन्होंने इंडियन कबड्डी टीम के पूर्व कैप्टन दीपक हुड्डा को ट्रेंड किया था। पुनीत बाहर की बनी कोई चीज नहीं खाते, बल्कि घर के घी से बना खाना खाते हैं। पुनीत ज्यादातर काम लेफ्ट हेंड से करते हैं, इसलिए उन्हें लेफ्टी रेडर कहा जाता है। पुनीत



झज्जर जिले के गांव दूबलधन का रहने वाले हैं। उनके पिता नसीब कादियान खेतीबाड़ी करते हैं, जबकि मां पूनम देवी हाउस वाइफ हैं। पुनीत का जन्म 10 मई 2006 को हुआ। वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं। पुनीत ने 6वीं कक्षा तक की पढ़ाई गांव में ही रहकर की। इसके बाद 7वीं से 12वीं तक की पढ़ाई मामा के पास सोनीपत में पूरी की। इस वक्त वह पंजाब के तलवंडी साबो की गुरु कांशी यूनिवर्सिटी से बीए फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रहे हैं।

## राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स पहुंची चंडीगढ़

### मुल्लांपुर स्टेडियम में की प्रेक्टिस, 5 अप्रैल को दोनों के बीच होगा मुकाबला

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन के तहत पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और राजस्थान रॉयल्स के बीच 5 अप्रैल को मुल्लांपुर स्थित न्यू पीसीए स्टेडियम में पहला मुकाबला होगा। आईपीएल-2025 में पहली बार दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। मैच को लेकर पीसीए में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स



की टीमें चंडीगढ़ पहुंच चुकी हैं। दोनों टीमें अपने अभ्यास सत्र में भाग लेंगी। शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आते समय दोनों टीमों के खिलाड़ियों के चेहरों पर खुशी नजर आई।

**पीबीकेएस का होम ग्राउंड, जीत बरकरार रखने उतरेगी :** पंजाब किंग्स ने इस सीजन के लिए मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम को अपना होम ग्राउंड घोषित किया है। टीम यहां कुल चार मुकाबले खेलेगी, जबकि कुछ मैच धर्मशाला स्टेडियम में होंगे। आईपीएल के नए सीजन से पहले पंजाब किंग्स ने इसी स्टेडियम में अपना अभ्यास शिविर लगाया था और तैयारी शुरु की थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक मोहन शर्मा के लिए ए-9, प्रथम तल, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से प्रकाशित एवं मोहन शर्मा एण्ड कंपनी प्रा.लि. ए-9, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र जयपुर से मुद्रित। संपादक : अरुज मोहन भारद्वाज, संपादकीय प्रभारी : फूलचन्द बिलोनिया*
मो. 98875-21440, फोनः 2210316 फैक्स-2210022, अखबार प्राप्त करने के लिए : 2210316 आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2005/15194 e-mail: morningnews22@gmail.com/editorial.morningnews@gmail.com
*पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेदार।